>

Title: Need to construct RUB/Underpass at level crossing No. 18C in Maharajganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, उत्तर प्रदेश अंतर्गत गोरखपुर-सिसवां नरकटियागंज रेल मार्ग पर कप्तानगंज से खुशहाल नगर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे क्रासिंग संख्या-18 सी को बंद कर दिया गया है, जिससे लगभग पच्चीस गांव प्रभावित हैं । ग्रामीणों को खेती-बाड़ी तथा दाह-संस्कार के लिए बनाये गये स्थल तक आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों द्वारा उक्त रेलवे क्रासिंग के बदले वहां पर आरयूबी/अंडरपास का निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया गया है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनहित में गोरखपुर सिसवां-नरकटियागंज रेल मार्ग पर कप्तानगंज से खुशहाल नगर के मध्य रेलवे क्रासिंग संख्या-18 सी पर आरयूबी/अंडरपास का निर्माण कराये जाने का आदेश प्रदान करने का कष्ट करें ।